## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भीषण गर्मी के साथ साथ बादल छाए रहने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। ऊपर से अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। छोटे छोटे बच्चों को मच्छरों का दंश और गर्मी पीढ़ा दायक बनीं हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब दिन दिन भर मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद रखी जाती है तो फिर अब यह कटौती क्यों। उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता चला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों मंन विद्युत कटौती के चलते मवेशियों को पानी पिलाने एवं लोगों के निस्तार में बाधक बना हुआ है। बिजली कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति भी ठप्प बनी रहती है।

### जूतों की माला पहनाकर विहिप ने किया पुतला दहन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सुभाष पार्क चैराहे पर पत्रकार को फोन पर गाली गलौज करने व जातिगत अपमानित करने व मां के बारे गलत शब्द कहने पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चैकसे हॉस्पिटल के संचालक हरभजन सिंह खनूजा का जूतों की माला पहनाकर पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मांग की गई कि हरभजन सिंह को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और यदि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं की जाती तो पूरे जिले में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा और अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### अनामिका उत्साही युवा साहित्यकार सम्मान से सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर की प्रतिभावन बेटी कवयित्री अनामिका चैकसे को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में उत्साही युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था साहित्य संगम द्वारा तिरोड़ी बालाघाट में 26 अप्रैल को आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अनामिका को स्व. प्रतीक राज कनोजे स्मृति सम्मान उत्साही युवा साहित्यकार प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख दिनेश देहाती जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है जिसमें देश-विदेश के प्रतिभावान साहित्यकारों को चयनित कर सम्मानित किया जाता है। अनामिका श्रीमान श्याम सुन्दर चैकसे व श्रीमती दुर्गा चैकसे की सुपुत्री हैं।

### पहलगाम हमले पर शंकराचार्य ने की निंदा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर आश्रम में हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। शंकराचार्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा-आतंकी धर्म का मुखौटा पहनकर हिंदू समाज को निशाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि हिंदू समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठना होगा। देश की सेनाएं सक्षम हैं। लेकिन देश को भीतर से कमजोर करने की साजिशों के खिलाफ आम जनता को सजग रहना होगा।

# जंगली सुअरों ने किया ग्रामीणों पर हमला, दो गंभीर नागपुर रेफर

**वन विभाग ने की ग्रामीणों को सचेत रहने की अपील.....**

सौंसर

शनिवार को दक्षिण वन मंडल के कन्हान वन परिक्षेत्र में निरंतर जंगली सुअरों का आंतक बढता जा रहा है। सुअरों द्वारा जंगलों से खेतों की ओर रूख करके फसलों को नुकसान पहुचाने के साथ-साथ किसानों को भी घायल करने का कार्य किया जा रहा है। कन्हान वन परिक्षेत्र में पाच दिवस के भीतर यह दुसरी घटना है। शनिवार की सुबह 8 बजे के लगभग ग्राम घोटी के 3 किसानों के उपर जंगली सुअर द्वारा हमला किया गया।



**इस हमले में घोटी निवासी किसान श्रीमती भारती इदौरकर उम्र 38 वर्ष, पुष्पा बोबडे,**

उम्र 45 वर्ष एवं मनोज नायक उम्र 36 वर्ष बुरीतरह घायल हो गये। जंगली सुअर द्वारा किसानों के सीर, हाथ और पैर पर हमला किया है। प्रत्यक्षदर्शी किसानों द्वारा सभी घायलों को सिविल अस्पताल पहुचाया गया। जहा पर घाव गहरा होने के चलते प्राथमिक उपचार पष्चात सभी को नागपुर रिफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने अस्पताल पहुचकर घायलों का कुशलक्षेम पुछा। दुसरी ओर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भी दूरभाष पर सभी घायलों की जानकारी लेते हुये उपचार उपलब्ध कराने का आष्वासन दिया। उल्लेखनीय हो कि, जंगली सुअरों के आंतक के कारण किसान परेषान है। लगातार हो रहे हमले के कारण किसान खेतों में जाने से कतराने लगे है।



### जंगली सुवरों की रोकथाम पर वन विभाग हुआ सक्रिय.

कन्हान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमाकडी में स्थित खेत में काम कर रहे 2 लोगों के उपर भी जंगली सुअर द्वारा हमला किया गया था।

इस हमले में निमनी निवासी किसान हरिषचंद्र पिता रामचंद्र बोडे उम्र 52 वर्ष, हर्ष ढिमरे उम्र 34 वर्ष घायल हो गये थे। घायलों का उपचार सिविल अस्पताल में किया गया। वही दुसरी ओर दोनो घटनाओं में कन्हान वन परिक्षेत्र अधिकारी दिपक तिरपुडे के निर्देश पर वन अमले द्वारा पहुचकर पंचनामा बनाया। वही प्रकरण तैयार करके मुआवजें की फाईल तैयार की जा रही है। वन विभाग के अमलें द्वारा किसानों से सावधानीपूर्वक खेतों में काम करने की सलाह दी है। साथ ही जंगली सूअर की रोकथाम को लेकर विभाग स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं,

# परासिया नपा अध्यक्ष पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

**अध्यक्ष सहित दो अन्य पर आईटी एक्ट समेत आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज**

परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय पर गिरफतारी की तलवार लटक रही है । अध्यक्ष के अलावा रिंकू घोरके और एक महिला पर आईटी एक्ट समेत आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है ।



बीते 18 अप्रैल से परासिया शहर में जिस मामले को लेकर चर्चाएं और कानाफूसी चल रही थी , उस मामले में पुलिस के द्वारा प्रकरण दर्ज करने के बाद खलासा हो गया है । दरअसल व्हाट्स अप पर परासिया लाईफ नाम से एक ग्रुप है । जिसमें 18 अप्रैल की रात नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय ने दो महिलाओं की आपसी बातचीत की रिकार्डिंग पोस्ट कर दी । जिसके बाद एक भाजपा नेता ने इस मामले की शिकायत पुलिस में कर दी । पुलिस ने जांच के बाद अध्यक्ष विनोद मालवीय , अध्यक्ष को रिकार्डिंग उपलब्ध कराने के लिए रिंकू घोरके और एक महिला पर मामला दर्ज किया है ।

### लगातार विवादों में घिरे नगर पालिका अध्यक्ष

पूर्व में भी श्री मालवीय विवादों में रहे हैं। उन पर नगर पालिका की निजी राशि से पार्षद अनुज पाटकर की जासूसी कराने का मामला न्यायालय में लंबित है। इसके अलावा, उन पर 22 लाख रुपये के गबन का आरोप भी है, जिसकी जांच जिला कलेक्टर स्तर पर चल रही है। इससे पहले भी उन पर आईटी एक्ट के तहत एक अन्य प्रकरण दर्ज हो चुका है। सत्ता पक्ष से नजदीकियों के चलते अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जबकि उपलब्ध प्रमाणों से शासन को आर्थिक हानि होना स्पष्ट है।

### पद की गरिमा को ठेस

नगर पालिका अध्यक्ष होने के नाते श्री मालवीय पर अपने आचरण में विशेष सावधानी बरतने की जिम्मेदारी थी, परंतु उन्होंने सार्वजनिक व्हाट्सएप ग्रुपों में अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर पद की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। उनके तानाशाही रवैये से यह प्रतीत होता है कि वे अपने संवैधानिक दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

### पार्षदों का मुखर विरोध और सत्ता का संरक्षण

नगर परिषद के सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के पार्षद लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं । परिषद की बैठकों में भी अध्यक्ष के विरुद्ध खुलेआम विरोध हो रहा है । इसके बावजूद, सत्ता पक्ष के प्रभावशाली नेताओं के संरक्षण के कारण अब तक संगठनात्मक या प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है , जिससे जनता में गलत संदेश जा रहा है ।

### राजनीतिक छवि को नुकसान

श्री मालवीय की कार्यशैली से न केवल नगर का प्रशासन प्रभावित हुआ है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की छवि भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। यदि शीघ्र उचित कार्यवाही नहीं हुई, तो आगामी चुनावों में इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं ।

### इन धाराओं पर मामला दर्ज

दिनांक 25/04/2025 को थाना परासिया में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएँ 296 , 352 , 61 (2) एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है । यह प्रकरण गंभीर प्रवृत्ति का है और कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रबल संभावना जताई जा रही है ।

# 8 सटोरियों को पुलिस ने धर दबोचा

**पांढुर्ना :** कल पांढुर्ना पुलिस ने शुक्रवारी बाजार, पारिजात होटल के सामने, शिव मंदिर खारी वार्ड एवं शहर के अन्य स्थानों दबिश देकर सट्टा खिलानेवाले 7 आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से सट्टा पट्टी पर्ची, एक एक नीला पेन एवं कुल नगदी 5440 रू जब्त किए गए। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों मे विजय पाटील, आयु 38, रोशन लेंडे आयु 44, मयूर चौधरी आयु 21, वसंता धांडोले आयु 45, राहुल मदनकर आयु 28, सुनील कदम आयु 32 तथा अकरम शाह आयु 32 शामिल है। इन पर दबिश देनेवाले पुलिस दल में एसआय लखन भीमटे, एएसआय अशोक रघुवंशी, आ. पुष्पेंद्र सिंह, संतोष पंद्राम, अलकेश नागले, शिव जाट, गजेंद्र रघुवंशी, सुरेंद्र परानी तथा आ. सरिता पंद्राम का समावेश रहा।

# कार बाइक की सीधी भिडंत, 6 घायल

**पांढुर्ना :**कल देर रात्रि ग्राम मोरडोंगरी के पास एक कार और बाइक की सीधी भिडंत में 6 लोग घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार नागपुर जा रही थी जिसमें रितेश गिरू, सावन रामसिंह, अमन, धूलिचंद और प्रदीप यादव सवार थे।

कार जब तेज गति से नागपुर जा रही थी तो ग्राम मोरडोंगरी के पास फोरलेन पर अचानक बाइक सवार सडक पर आ गए। बाइक पर ग्राम रझाडीपीपला निवासी अमन बाबुलकर एवं पीपलगांव निवासी प्रीतम सवार थे। यह दोनों बाइक सवार भी घायल हो गए है। दोनों बाइक सवारों के पैरों पर गंभीर चोटें लगी है। सभी घायलों को नागपुर रिफर कर दिया गया है।

# सिंगोडी (अमरवाडा) पुलिस ने नाबालिग से छेडछाड करने वाले आरोपी को चंद घंटों में किया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा श्री अजय पाण्डेय एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।**

दिनांक 26/04/2025 को प्रार्थिया (नाबालिग) ने रिपोर्ट किया कि कक्षा 9 वीं की छात्रा है, स्कूल के शिक्षक शेख अयूब अंसारी ने प्रार्थिया को पढाई करने के लिये दिनांक 22/04/2025 से घर पर बुला रहे थे, दिनांक 26/04/2025 को आरोपी शेख अयूब अंसारी ने इंग्लिश की किताब देने के बहाने प्रार्थिया को अपने घर पर बुलाया, और बुरी नियत से हाथ पकडकर छेडछाड किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध नाबालिग से छेडछाछ की विभिन्न धाराओं पर (पाक्सो एवं एससीएसटी एक्ट) अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी शेख अयूब अंसारी उम्र 37 वर्ष निवासी सिंगोडी (अमरवाडा) जिला छिंदवाड़ा को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री रवीन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा चंद घंटों में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय (पाक्सो एक्ट) छिंदवाडा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

शेख अयूब अंसारी पिता शेख शेर खान उम्र 37 वर्ष निवासी सिंगोडी (अमरवाडा) जिला छिंदवाड़ा

**पुलिस टीम**

निरी राजेन्द्र धुर्वे थाना प्रभारी अमरवाडा, चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, आरक्षक इकलेश, आरक्षक पीयुष, आरक्षक उमाशंकर, म.आर. दिव्या बिसेन की विशेष भूमिका रही!!

# रंगारंग समारोह एवं रोमांचक मैच के साथ हुआ बीएसपीएल के प्रथम वर्ष का समापन

### परशुराम योद्धा ने जीता बीएसपीएल का फाइनल मैच

**छिंदवाड़ा।** ब्रह्म समाज कल्याण मंडल छिंदवाड़ा के मागदर्शन में ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए ब्रम्ह समाज प्रीमियर लीग (BSPL) का आयोजन विवेकानंद कॉलोनी के पास स्थित टर्फ में हुआ। इस बीएसपीएल लीग में 12 टीम भाग लिया। लीग के अंतिम दिवस फाइनल मैच का आयोजन




रंगारंग समारोह के साथ हुआ। फाइनल मैच के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष और पावर लिफ्टर खिलाड़ी शेषराव यादव, विद्या भूमि स्कूल की संचालिका विजया यादव, व्यवसायी अजय सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी आनंद बक्शी, ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष विभूति राकेश दुबे एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित बंटी द्विवेदी सहित ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के समस्त संरक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य समारोह में ग्वालियर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कलाकार मेघना शर्मा, नागपुर से रोशन मुनका, अदिति दास, छिंदवाड़ा करण घावरी एवं अतुल शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता प्रभारी विभोर द्विवेदी ने बताया कि फाइनल मैच के पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइल मैच में परशुराम योद्धा ने आद्या इवेंट को 7 विकेट हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि दूसरे सेमीफाइनल में बालाजी वॉरियर्स ने 6 रन से गडकरी म्यूजिकल को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही महिलाओं के बीच खेले गए मैत्री मैच में बालाजी वॉरियर्स वूमन ने परशुवाहिनी को 7 विकेट से हराया। प्रतियोगिता प्रभारी शिखर पांडे ने बताया कि फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बालाजी वॉरियर्स ने 8 ओवर में 48 रन बनाए जबकि परशुराम योद्धा मात्र 6 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर ब्राम्हण प्रीमियर लीग के प्रथम वर्ष की ट्रॉफी जीत ली। इस मैच के मेन ऑफ द मैच गौरांश तिवारी रहे जबकि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विशाल कालिया रहे। प्रतियोगिता के प्रभारी विभोर द्विवेदी एवं शिखर पांडे रहे तथा मैच के एम्पायर अर्चित दाढ़े, शुभम खेलवाड़ी, अभिषेक ठाकुर रहे। स्कोरर संतोष कहार व सूरज चरपे एवं कॉमेंटेटर श्रांत चंदेल, ऋषभ स्थापक एवं आयुष शुक्ला रहे।



## लोनीकला में आयोजित 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

# युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए अनुष्ठानों की आवश्यकता हैः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वर्तमान परिस्थितियों और माहौल को देखते हुये युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए अनुष्ठानों की आवश्यकता है। धार्मिक अनुष्ठानों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से ही युवाओं को धर्म से जोड़ा जा सकता है। यह बात श्री राम जानकी मंदिर कनकधाम लोनीकला में समस्त रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।



उन्होंने समस्त रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित इस विशाल 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कथा वाचक पूज्य कुलदीप जी महाराज द्वारा कार्यक्रम में मौजूद समस्त श्रध्दालुओं को विस्तार से कथा सुनाई गई। सांसद श्री साहू ने यज्ञ स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुये 251 कुण्ड की परिक्रमा की और लगभग 2:30 घटे तक प्रवचन स्थल में ही बैठकर कथा सुनी। विधित हो कि समस्त रघुवंशी समाज द्वारा ब्रह्मलीन यज्ञ सम्राट रघुवंश संत शिरोमणि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत श्री कनकबिहारी दास जी तेरह भाई त्यागी की प्रतिमा की स्थापना व पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ का प्रारम्भ 18 अप्रैल को किया गया था। जिसका शनिवार को विधि विधान से पूजा अर्चना कर समापन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश दुबे, ज़िला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा, ज़िला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, संतोष पटेल, रिजवान कुरैशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, मंडल अध्यक्ष मदन राय, नीरज रघुवंशी, विजेंद्र सिंह रघुवंशी, राम चौरसिया, लेखराम सिंह पटेल, धूप सिंह पटेल, आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन मौजूद थे।

### पुलिस के लिए हुआ हार्टफुलनेस ध्यान सत्र

**पांढुर्णा।** गत दिनों यहां लक्ष्मी स्मृति भवन में हार्टफुलनेस संस्था द्वारा 3 दिवसीय हार्टफुलनेस सत्र संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक तनाव को कम कर उन्हें आंतरिक शांति एवं संतुलन प्रदान करना था। तीन दिवसीय हार्टफुलनेस सत्र में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ध्यान एवं आत्मचिंतन के माध्यम से सकारात्मक उर्जा प्राप्त की। तीन दिवसीय हार्टफुलनेस सत्र में जिला पुलिस अधिक्षक सुंदरसिंह कनेश, एडिशनल एसपी नीरज सोनी, प्रशिक्षक किरण चोपडे, एसडीओ ब्रजेश भार्गव, रक्षित निरीक्षक अनीता शिवडे, एसआय विक्रम बघेल, एसआय सदानंद भारद्वाज, सुभाष पवार, प्रमोद पातुरकर, राजेश शर्मा तथा अनेक उपस्थित रहे।



## नरवाई न जलाने किसान भाईयों को एसडीएम ने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई अनुविभाग के अंतर्गत चाँद उपतहसील आज दिनांक 26/ 4 /2025 को ग्राम हरनाखेड़ी में कृषक प्रदीप श्री चंद चौरसिया कृषक के खेत में नरवाई प्रबंधन हेतु सब स्वायलर यंत्र द्वारा नरवाई प्रबंधन तकनीक का उपस्थित किसानों के समक्ष प्रदर्शन आयोजित किया गया उपस्थित किसानों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रभात मिश्रा द्वारा किसानों को नरवाई ना जलाने हेतु प्रेरित किया गया एवं उपस्थित कृषकों को नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई तहसीलदार चाँद द्वारा उपस्थित कृषकों को नरवाई न जलाने हेतु कहा गया एवं इसके उपरांत भी यदि कृषक नरवाई जलाते हैं तो उनके ऊपर जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा एवं पुलिस मे प्राथमिकी दर्ज की जाएगी ऐसा अवगत कराया गया इस प्रदर्शन तकनीक के समय विकासखंड चौरई के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रभात मिश्रा तहसीलदार चांद सुश्री शोभना ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री उमेश पाटील कृषि विस्तार अधिकारी श्री सनोद मर्सकोले कृषक श्री प्रदीप चौरसिया सहित ग्राम के अन्य कृषक उपस्थित रहे है।

## एम्स की टीम ने भमोड़ी में किया रिसर्च स्टडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शनिवार को अचानक ग्राम भमोड़ी पहुंचकर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया और डबल प्यूरीफाइड नमक डीएफएस के प्रावधान का प्रभाव मूल्यांकन का रिसर्च किया । रिसर्च टीम द्वारा किसी भी गांव का औचक निरीक्षण किया जाता है । इस दौरान टीम ने हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर , आंगनवाडी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत भवन में महिलाओं से मिलकर उनसे स्वास्थ्य संबंधी चर्चा की तथा रक्त जांच सहित मापदंड अनुसार अन्य जांच की ।

गर्भवती तथा धात्री महिलाओं से उनके खानपान , दवाईयां , टीकाकरण , शारीरिक गतिविधि , पेयजल , पोषण आहार के बारे मे बातचीत की । टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं की उपलब्धता पर प्रसन्नता व्यक्त की । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया , कि रिसर्च टीम से मिले फीडबैक के आधार पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से मिलकर स्थानीय स्तर पर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिये प्रयास किए जायेंगे । डाइटिशियन प्रांजल पांसे ने बताया , कि गांव की महिलाओं का बीएमआई अधिक है । व्यायाम शारीरिक गतिविधि कम है । तेल मसाला युक्त भोजन अधिक है तथा फायबर युक्त आहार कम है । उन्होंने महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इनवेस्टीगेटर राहुल द्विवेदी , लैब टैक्निीशियन मोहित शर्मा ने बताया , कि वन्या प्लस नमक सरकारी राशन दुकान से मिलेगा । जिसका उपयोग सभी को करना है । शुभम सेन तथा आरती यादव ने भी स्वास्थय विभाग की ए एन एम , सुपरवाइजर , आशा कार्यकर्ताओ को टिप्स दिया ।

## आज 1021 जोड़े एक दूसरे के बनेंगे जीवन साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के तहत आज होने वाले विशाल आयोजन का निरीक्षण कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय द्वारा सुचारु व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए गए। अचानक होने वाले मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को समझाइश दी गई।कन्यादान विवाह योजना कार्यक्रम डुंगरिया के कन्हान वैली स्टेडियम में आज होगा।

इस अवसर पर एसडीएम कामिनी ठाकुर ,जनपद सीईओ रश्मि चौहान, तहसीलदार सहित जनपद पंचायत नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी आयोजन स्थल उपस्थित थे। आज रविवार 27 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में जुन्नारदेव जनपद पंचायत जुन्नारदेव नगरपालिका दमुआ जुन्नारदेव समेत 97 पंचायतो के कुल 1021 जोड़े एक दूसरे के जीवन साथी बनेंगे । मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह का विशाल आयोजन डुंगरिया के कन्हान वैली स्टेडियम में आज होगा।

इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ,सांसद विवेक बंटी साहू को मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता की जिम्मेदारी जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके को सौंपीं है।जनपद पंचायत जुन्नारदेव के तत्वावधान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन विभाग सशक्तिकरण विभाग जनपद क्षेत्र के एक हजार से अधिक जोड़ो को सात जन्मों के बंधन में बांधने जा रहा है ।जहाँ एक दूसरे के हाथ थामने वाले जोड़ो को प्रभारी मंत्री सांसद विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष समेत दमुआ और जुन्नारदेव नपा अध्यक्ष सहित जनपद के सभी सरपंच उपसरपंच पंच और जनप्रतिनिधि गण अपना आशीर्वाद देंगे।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जुन्नारदेव व्यवहार न्यायलय से जिला न्यायाधीश महेंद्र मंगोतिया द्वारा छात्र छात्राओं को कानून से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। जिसमें मुख्य रूप से बाल अपराध से बचाव एवं सुरक्षा, मोबाइल के माध्यम से होने वाले विभिन्न अपराध एवं उनसे सावधानी, व्हीकल एक्ट भारतीय संविधान के अंतर्गत कानून एवं न्याय व्यवस्था के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार, विद्यालय के एन सी सी ऑफिसर मनोज शर्मा, डीएसओ अनुरोध शर्मा, व्यवहार न्यायलय से शेखर शीलू, शिक्षक डी आर चौहान, बैजनाथ डेहरिया, धर्मेंद्र मालवीय, शिक्षिका नम्रता ठाकुर, कविता शर्मा, विभा कुशराम, संध्या उइके, अनीता शर्मा, सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने वारासिवनी सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण







### आयुष्मान योजना की प्रगति से हुए असंतुष्ट

**वारासिवनी।** चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए कलेक्टर मृणाल मीणा ने शनिवार को सिविल अस्पताल वारासिवनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल में ड्यूटी समय पर सभी चिकित्सकों की उपस्थिति दर्ज करते हुए रोगियों को ईलाज के दौरान राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी सुविधाएँ प्रदान करने के निर्देश दिए।

### आयुष्मान योजना के क्लेम प्रोसेस व रजिस्टर की होगी जॉच

कलेक्टर मृणाल मीणा ने पहले दवाई कक्ष का निरीक्षण कर दवाईयों की स्थिति जानी। तत्पश्चात उन्होंने सफाई व्यवस्था को जाना, वही स्टाफ के कार्य से सबंधित चर्चा की। जिसमें उन्होंने आयुष्मान कार्ड हेतू विभाग के अधिकारी से क्लेम प्रक्रिया व रजिस्ट्रर मेंटनेंस सबंधित जानकारी ली। जब स्टाफ ने संतुष्टिजनक जवाब उन्हें नही दे पाए, तो कलेक्टर मीणा नाराज नजर आए और दूसरी बार हिदायत देने की बात कही। फिर जिला चिकित्सालय से एक जॉच टीम का गठन कर आयुष्मान योजना से सबंधित सभी चीजों की जॉच करवाने जैसे क्लेम प्रोसेस व रजिस्ट्रर से चेक करवाने की बात कही।

श्री मीणा ने कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिछले दिनों भी जानकारी ली थी और क्या-क्या कार्यवाही अभी तक हो पाई हैं? यह जाना। उन्होंने ओ टी, जनरल वार्ड का निरीक्षण किया और व्यवसथा के बारे मे जाना। श्री मीणा ने कहा कि आगामी माह में अस्पताल के नक्शे का सर्वे होना हैं, इस संबंध में भी चर्चा हुई हैं। वहीं आयुष्मान कार्ड में कितने क्लेम फार्म प्रोसेस किए गए और दस्तावेजों का रखरखाव ठीक हैं या नहीं? से सबंधित जानकारी प्राप्त की गई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पुराने भवन को गिराकर नया भवन निर्माण होना हैं, उसकी प्रगति और आने वाले समय में क्या कार्यवाही होना हैं? इसकी जानकारी ली गई।

### नये भवन निर्माण की प्रक्रिया हैं प्रारंभ

स्थानीय मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर मीणा ने कहा कि आयुष्मान के क्लेम फाईल में शीघ्र सुधार लाया जायेगा। उन्होंने 100 बिस्तर के नवीन अस्पताल भवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल के पुराने भवन को गिराने की आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ हैं। उन्होंने सीएमएचओ को शीघ्र सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। जिनके पूर्ण होते ही पुराने भवन को गिराकर नया 100 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

बैठक में स्टाफ के व्यवहार की होगी चर्चा

मीडिया ने जब अस्पताल के स्टाफ द्वारा रात्रि में मरीजों के साथ ठीक से व्यवहार नहीं किए जाने का प्रश्न किया, तो कलेक्टर मीणा ने अधिकारियों के साथ बैठक करने और व्यवहार के विषय में कोई भी बाते सामने आने पर संबंधितों पर विधिवत कार्यवाही किए जाने की बात कही।

### केस रेफर की व्यवस्था में किया जायेगा सुधार

श्री मीणा ने कहा कि ग्रामीणांचलों में दवाईयों को लेकर भी समस्या आई है। जिस पर जॉच कर दवाईयॉ उपलब्ध करवाई जायेगी। कलेक्टर मीणा ने कहा अधिकतर केस रेफर होने की वजह सें जिला अस्पताल में भी ज्यादा भार आता हैं। ऐसे में कोई व्यवस्था की जाएगी, ताकि सुविधाओं को दुरूस्त किया जा सके। उन्होंने वारासिवनी अस्पताल में ब्लड बैंक स्थापित करने को लेकर कहा कि पॉवर बैंकअप की समस्या हैं, जिसके लिए चिकित्सालय में शीघ्र ही बड़ा जनरेटर लगाने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी, जिसके बाद चिकित्सालय में ब्लड बैंक स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएंगी।

### सफाई व्यवस्था में हुआ हैं सुधार

कलेक्टर श्री मीणा अस्पताल की सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सफाई व्यवस्था देखी गई हैं, जिस पर काफी सुधार आया हैं। कलेक्टर मीणा ने चिकित्सालय प्रबंधन को परिसर में नियमित रूप से इसी तरह की सफाई रखने के निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालय परिसर की साफ सफाई और व्यवस्थाओं में लापरवाही कतई भी बर्दाश्त नही की जायेगी।

## कार्यपालन अभियंता ने किसानों के साथ बैठक की







**विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की**

**वारासिवनी।** कार्यपालन अभियंता वारासिवनी बी एल भैना द्वारा खैरलॉजी वितरण केन्द्र में क्षेत्र के किसान संघ सदस्यों के साथ बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र की विद्युत समस्या के संबंध में किसानों से चर्चा की गई। इस दौरान किसानों ने कम वोल्टेज एवम् ट्रांसफार्मर, ओवर लोड आदि की समस्या के बारे में बताया। किसानों की समस्याओं को जानने के बाद कार्यपालन अभियंता बी एल भैना ने किसानों के लिए विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत फीडर सेपरेशन का काम होने वाला हैं। वर्तमान में ख़ैरलांजी में 132 केवीए पावर हाउस बनाने का प्रस्ताव भेजा गया हैं, जिससे वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। नये सत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बताया गया हैं। बैठक में किसानों और कार्यपालन अभियंता वारासिवनी बी एल भैना के साथ वितरण केन्द्र प्रभारी सुशील मर्सकोले एवं मनोज पाराशर उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक किशोर समरीते ने की वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल सामान्य बालाघाट को निलंबित करने की मांग

### दक्षिण वनमण्डल उत्पादन में रहते हुए 10 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**लांजी।** संयुक्त राष्ट्र क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने भारत सरकार के केबिनेट सचिव को पत्र लिखकर बालाघाट जिले के वन विभाग में तत्कालीन दक्षिण वनमण्डल उत्पादन तथा वर्तमान में उत्तर वनमण्डल सामान्य की वनमण्डलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव द्वारा 10 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार की मध्यप्रदेश शासन द्वारा जांच नहीं करवाने के मामले में संज्ञान लेने हेतु पत्र लिखा है। श्री समरीते ने बताया की मध्यप्रदेश शासन नीजी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ का कर्ज ले रखा है। म.प्र. शासन पर वर्तमान कर्ज की स्थिति 10 हजार करोड़ से अधिक है। ऐसी परिस्थिति में म.प्र. शासन की जीरो टालरेंस नीति के विपरीत वन विभाग में बालाघाट जिले में दक्षिण वनमण्डल उत्पादन में वनमण्डलाधिकारी रहते हुये श्रीमति नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) द्वारा वन परिक्षेत्र सुलसुली उत्पादन, बीजागढ़ उत्पादन, रिसेवाडा उत्पादन, कन्सुली उत्पादन, पश्चिम लांजी उत्पादन में क्षमता से अधिक मानव दिवस स्वीकृत कर वन परिक्षेत्राधिकारियों के साथ 10 करोड़ से अधिक का फर्जी आहरण किया है। प्रमाण स्वरूप एक कूप में अधिकतम 200 मानव दिवस स्वीकृति का अधिकार वनमण्डलाधिकारी को होता है। इसके विपरीत एक कूप में 2 हजार से 3 हजार मानव दिवस स्वीकृत किये गये। ये स्थिति 70 से 80 कूपों में स्वीकृत किये गये हैं, जो गंभीर जांच का विषय है। इसके विपरीत निकासी मार्गो के निर्माण एवं मरम्मत में भी गई गुना राशि व्यय की गई। तथा वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत में भी कई गुना राशि के फर्जी बिल व्हाउचर बनाये गये। इन सभी कार्यों की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति वनमण्डलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) द्वारा दी गई। साथ ही दक्षिण वनमण्डल उत्पादन में स्थानांतरण पर राज्य शासन के प्रतिबंध के पश्चात तथा बिना प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के स्थानांतरण नहीं करने के आदेश के उपरांत भी नेहा श्रीवास्तव द्वारा अपने दक्षिण वनमण्डल उत्पादन में वर्ष 2023-24 में एक परिक्षेत्र से दूसरे परिक्षेत्र में वन कर्मियों का भारी मात्रा में स्थानांतरण किया गया। वनमण्डलाधिकारी प्रभारी मंत्री के अधिकारों का कैसे उपयोग कर सकती है। इस मामले में वनमण्डलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिये। इसी तरह उत्तर वनमण्डल सामान्य में केम्पा मद में पुलियों का निर्माण में बिना तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति के 17 पुलियों के निर्माण में राशि आहरण कर ली गयी। बिना टेण्डर के कार्य करवाये गये तथा पुलियों का निर्माण हुये बिना ही राशि का आहरण कर लिया गया। वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल सामान्य श्रीमति नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) द्वारा तेंदूपत्ता विकास की राशि एवं केम्पा मद में 1.80 करोड़ का बोगस आहरण किया गया जो गंभीर जांच का विषय है। साथ ही वन सुरक्षा समितियों की राशि का भी भारी दुरूपयोग किया गया। तेंदुपत्ता विकास एवं केम्पा मद में वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल (सामान्य) बालाघाट श्रीमति नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) द्वारा दी गई प्रशासकीय स्वीकृतिए तकनीकी स्वीकृति तथा जारी कार्यादेशों की जांच स्वयं निरीक्षण कर की जानी चाहिये। अतः उक्त मामलों की जांच कर श्रीमति नेहा श्रीवास्तव (आई.एफ .एस) पूर्व वनमण्डलाधिकारी दक्षिण वनमण्डल उत्पादन तथा वर्तमान वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल सामान्य बालाघाट को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।



**खबर संक्षेप**

## पांजरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं ग्रामदेवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

सिवनी/केवलारी। विकासखंड केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजरा में रविवार से श्री महादेवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं नवनिर्मित मंदिर में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि परम श्रद्धेय पूज्यापाद जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वारुपानंद सरस्वती जी महाराज एवं भगवती ग्रामदेवी एवं माँ बैनगंगा की कृपा से ग्राम पांजरा में दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम खैरमाई प्रांगण, पांजरा में आयोजित होने जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में कलश यात्रा 27 अप्रैल दिन रविवार दोप. 3 बजे से निकलेगी। कथा 27 अप्रैल रविवार से 5 मई सोमवार तक समय-दोप. 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा व्यास – आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी (मातृधाम) द्वारा सुनाई जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 1 मई गुरुवार से 3 मई 2025 शनिवार तक होगा।

# मासूरनाला के रेत में दबा मिला बाघ का शव

**26.04.2025 को रूखड़ परिक्षेत्र के अंतर्गत रुखड बीट में गश्ती दल को मासूरनाला नामक नाले में किसी प्राणी के शव की बदबू आई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



बदबू के स्थान की ओर बढ़ते हुए पाया की बदबू जिस जगह से आ रही थी वह एक गहरी खाई के जैसी जगह थी। उस खाई के नीचे पहुंचने पर नाले की रेत में दबा हुआ बाघ का शव दिखा। शव का लगभग एक तिहाई हिस्सा रेत के बाहर था एवं शेष दो तिहाई रेत के अंदर था। मृत बाघ के शव का टाईगर रिजर्व के फोटो डेटाबेस से मिलान से ज्ञात हुआ है कि यह मादा बाघ है और पहली बार 2016 में वयस्क बाघिन के रूप में कैमरा ट्रैप में पहचानी गई थी एवं हमारे डेटाबेस में इसे PN 42 क्रमांक दिया गया था। 2016 में इसकी उम्र लगभग 2 से 3 साल थी इस अनुमान से यह वर्तमान में 12 या अधिक वर्ष आयु की थी।

वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में दल द्वारा एन.टी.सी.ए. एस.ओ.पी. अनुरूप ने उक्त बाघिन के शव का शव परीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान किसी भी प्रकार के जहर खुरानी, करंट या गोली लगने के साक्ष्य शरीर पर नहीं पाए गए। प्रथम दृश्टया प्रतीत होता है कि बाघिन की मृत्यु प्राकृतिक रूप से हुई होगी किंतु मृत बाघिन के शव को देखकर वन क्षेत्र में प्रवेश करने वाले कतिपय व्यक्तियों ने उसके चारों पंजे कुल्हाड़ी या अन्य धारदार हथियार से काट लिए एवं तीन केनाइन दांत भी उखाड़ लिए। पोस्टमार्टम के उपरांत NTCA के प्रोटोकॉल के अनुसार क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, उप संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व एवं भस्मीकरण समिति के अन्य सदस्यों के समक्ष शव का दाह संस्कार किया गया। प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है। क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व देवप्रसाद ने उक्त बाघिन के पंजों को काटने वाले और दांत निकलने वाले आरोपियों के बारे में पुख्ता सूचना देने पर 10000 के इनाम की घोषणा की है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस बाबत पुख्ता सूचना हो तो वह कृपया फोन नंबर 7447443015 पर उक्त आरोपियों के बारे में सूचना दें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आठ दिवसीय परशुराम प्राकट्य महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला ब्राहम्ण समाज सिवनी के तत्वाधान में भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जी का प्राकट्य महोत्सव समारोह का आयोजन पूरे जिले में मनाया जाना है जिसमें 27 अप्रैल से 4 मई तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 27 अप्रैल को छपारा में पूजन अर्चन के बाद रैली का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 29 अप्रैल को बरघाट एवं केवलारी में तथा 30 अप्रैल को घंसौर एवं लखनादौन में भी रैली निकाली जावेगी। आयोजन को लेकर जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, राजेश त्रिवेदी, अजय मिश्रा, भुवनेश्वर शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अशोक तिवारी सहित प्रचार प्रसार में ऋषभ शर्मा, सतीश शर्मा, आशीष मिश्रा, दिनेश शर्मा, अखिलेश चंकी पांडे, अरविंदजा दुबे, सुर्यकांत चतुर्वेदी, मंजू दुबे, मनोज मर्दन त्रिवेदी, शरद दुबे,



अवधेश तिवारी आदि को दायित्व सौंपा गया है। शोभा यात्रा को सफल बनाने हेतु विकासखण्ड सहप्रभारी के रूप में सिवनी शहर अशोक तिवारी, ग्रामीण भुवन भास्कर मिश्रा, केवलारी दामोदर प्रसाद शुक्ला, घंसौर विजय तिवारी, कुरई में देवेन्द्र दीक्षित, लखनादौन श्याम नारायण पांडे, बरघाट में शिवशंकर शर्मा एवं छपारा में राजेन्द्र तिवारी को दायित्व सौंपा गया है।

यह रैली मठ मंदिर से प्रारंभ होकर छिंदवाड़ा चैक, गणेश मंदिर, महावीर मढ़यिा, शंकर मढ़यिा, नगर पालिका, नेहरू रोड, शुक्रवारी, गणेश चैक, सिंधिया तिराहा, बाहुबली चैक, पाल पेट्रोल पंप, सिंधी कॉलोनी, सोमवारी चैक, गांधी भवन, गणेश चैक, डुंडा सिवनी, परशुराम भवन प्रांगण पहुँचकर सामाजिक सम्मेलन में परिवर्तित होगी।

इस द्बौरान झंडा प्रभारी हर्षित तिवारी, अनुराग उपाध्याय, पंकज तिवारी, शिवम तिवारी होंगे। रैली के संचालन में विजय तिवारी सिवनी, पंडित विशाल तिवारी, अनुप मिश्रा आदि का समावेश किया गया है। शाम को भजन संध्या में दामोदर शुक्ला, नेत्रपाल दुबे एवं विशाल शुक्ला का समावेश किया गया है।

# नगर में धूमधाम से मनाई गई सेन जयंती, डीजे के साथ निकाली वाहन रैली में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**सम्मान समारोह सहित विविध कार्यक्रम भी हुई आयोजित**

**पहलगाम में घटित घटना में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सेन समाज के नगर अध्यक्ष दिलीप श्रीवास ने बताया कि सिवनी नगर में सेन जयंती के अवसर पर पवार मंगल भवन में सुबह के समय सेन जी महाराज की विशेष पूजन अर्चन की गई। उपस्थित सामाजिक जनों द्वारा पिछले दिनों पहलगाम में घटित घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा 2 मिनट का मौन भी रखा गया। तत्पश्चात यहां से विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ो की संख्या में युवक युवती सहित सामाजिकजन शामिल हुए। धार्मिक गीतों पर बज रहे डीजे की धुन पर युवक युवतियों ने नृत्य भी किया। वाहन रैली एसपी बांग्ला, बाहुबली चौक, गांधी भवन, गणेश चौक होते हुए बरघाट नाका, काली चौक, शुक्रवारी से दुर्गा चौक एवं ढिमरी मोहल्ला पहुंची जहां पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष और पूर्व पार्षद अभिषेक दुबे रिंकू ने रैली में शामिल लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की एवं रैली में शामिल लोगों का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात यह रैली छिंदवाड़ा चौक से बस स्टैंड होते हुए पवार मंगल भवन पहुंची जहां इसका समापन हुआ।

सेन समाज के उपाध्यक्ष हेमेंद्र श्रीवास बॉबी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल में बुजुर्गों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। मंच संचालन अरुण श्रीवास मोंटू द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा भोजन प्रसादी भी ग्रहण की गई। विवेक श्रीवास एवं शुभम श्रीवास ने उपस्थित सामाजिक जनों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि आगामी दिनों में भी सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। सेन समाज के संरक्षक छिद्दीलाल श्रीवास एवं चंद्रप्रकाश चंदू श्रीवास ने कहा की समाज को संगठित होना आवश्यक है तभी समाज प्रगति कर सकता है उन्होंने सभी सामाजिक जनों से आगामी समय में भी संगठित होकर समाज हित में कार्य करने की बात कही। मीडिया प्रभारी सुनील बंदेवार एवं संतोष श्रीवास गुड्डू ने सभी मीडिया जगत का आभार व्यक्त किया।

## नेशनल लोक अदालत में बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा करने पर अधिभार में मिलेंगी छूट

सिवनी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन मानस भवन नगर पालिका कार्यालय के बाजू में किया जा रहा हैं। करदाताओं से अपील हैं, कि बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमाकर अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही जिन करदाताओं की तरफ रूपये 10,000 (दस हजार रूपये) से अधिक सम्पत्तिकर एवं अन्य करों की राशि बकाया होने पर तथा राशि नगर पालिका कोष में जमा ना करने पर बकायादारों के नाम स्थानीय समाचार पत्रों में तथा नगर के दृष्टिगोचर स्थानों पर प्रकाशित किये जावेगें।

# जल समस्या निवारण तक बंद कराये गये वाशिंग सेंटर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र के टू-व्हीलर/फोर व्हीलर वाशिंग सेन्टर का चिन्हांकन कर 11 वाशिंग सेंटर को बंद कराने की कार्यवाही की गई है। सिवनी नगरीय क्षेत्र में जल समस्या निराकरण के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी म.प्र. के पत्र क्रमांक 2805/एस. डब्लू/2025 सिवनी दिनांक 15/04/2025 द्वारा जारी धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 के प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार उक्त कार्यवाही की गई हैं।




जल संकट निवारण तक उक्त दुकान को बंद कराया गया है- शानू पिता रामकुमार यादव (कबीर वार्ड), धनंजय पिता ज्ञानेश्वर यादव (सी०व्ही० रमन वार्ड), राहुल पिता नरेश साहू (रानी दुर्गावती वार्ड),मुसफिर पिता शफीक खान (संजय वार्ड),अमन पिता स्व. रामकुमार ठाकुर (कबीर वार्ड), शेख तबरेज पिता शेख रफीक (अकबर वार्ड),सुजुकी ऐजन्सी सिवनी (म०ल०बा० वार्ड), होन्डा ऐजन्सी सिवनी (म०ल०बा० वार्ड),अर्पित टीविएस ऐजन्सी सिवनी (म०ल०बा० वार्ड),शकील पिता मुबीर अहमद (भगतसिंह वार्ड)एवं शानू पिता महेश गहलोद (कबीर वार्ड) के वाशिंग सेंटर को बंद कराने की कार्यवाही की गई हैं।

## भीमगढ़ पहुँचा पेंच परियोजना का पानी शीघ्र होगी सुगम जलापूर्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल संकट निवारण के लिए विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों से पेंच व्यपवर्तन परियोजना का पानी शनिवार 26 अप्रैल को भीमगढ़ बांध पहुँच चुका हैं। नगरीय क्षेत्र की जलापूर्ति सुआखेड़ा इंटेकवेल से प्रारंभ करने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के कर्मचारियों द्वारा भीषण गर्मी में भी अप्रोच कैनाल बनाकर पानी को इंटेकवेल तक लाने का कार्य किया गया हैं। जिससे पानी को लिफ्ट कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही हैं।

### विधायक ने सूआखेडा इंटकवेल का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा इंटकवेल का जायजा लिया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा स्थित नगर पालिका के वाटर सप्लाई प्लांट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां पर छोड़ा गया पानी लगभग पहुंच गया है।इस अवसर पर अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में जिलेवासियों निभा रहें सक्रिय भागीदारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर नदी, नाले, तालाब, कुएं, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफसफाई कर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान में जिले के नागरिकगण भी बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्थानीय जल स्त्रोतों की सफाई कर जल संवर्धन का संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में सिवनी जिला संपूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य करते हुए शीर्ष स्थान पर है, साथ ही अमृत सरोवर निर्माण एवं May Bharat पर पंजीकरण में भी अग्रणी है।

# बैंक में पर्याप्त स्टाफ ना होने से बैंक ग्राहक और किसान परेशान

**सेंट्रल बैंक कान्हीवाडा मैं स्टाफ की कमी के कारण बैंक के ग्राहक और किसानों को इस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

## परेशान बैंक ग्राहकों ने बैंक प्रबंधन के क्षेत्रीय प्रमुख के नाम शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

इसी परेशानी के कारण बैंक ग्राहक किसानों के द्वारा शाखा प्रबंधक को क्षेत्रीय शाखा प्रमुख के नाम ज्ञापन सोपा किसानों का कहना है कि यह समय कृषि कार्यों में लेनदेन का समय होता है इस समय लोग अपनी केसीसी रिन्यू कराने और उसे जमा करने के लिए बैंक पहुंचते हैं पर बैंक में स्टाफ की कमी के चलते उनका कार्य हो नहीं पता है एक ही कार्य के लिए उन्हें चार-पांच बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं शाखा में ए.एफ.ओ. सप्ताह मे दो दिन अपनी सेवाएं देती हैं जिससे किसान क्रेडिट



कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में परेशानी उत्पन्न हो रही है और शाखा में पर्याप्त रूप से कैस की उपलब्धता न हो पाना और पर्याप्त स्टाफ ना हो पाने के कारण बहुत सारे बैंकिंग कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

चूंकि यह समय किसानों के फसल उपार्जन के भुगतान और शादी विवाह का चल रहा है जिसके चलते लोगों को कैस की जरूरत होती है पर पर्याप्त रूप से कैस उपलब्ध न हो पानी के कारण भी ग्राहकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। समस्त किसानों का सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के रीजनल मैनेजर से सभी सुविधाओं में सुधार हेतु आज ज्ञापन सोपा गया। इस ज्ञापन में किसान राहुल ठाकुर, राजू ठाकुर, अनिल ठाकुर, रियाज खान, नवनीत साहू व्यापारी मयंक साहू, आशीष साहू और अन्य बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।




## बुढैनाकलां की लकी पंचेश्वर लगातार दूसरे साल वेटलिफ्टिंग में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पीएम श्री बुढैनाकलां शाला बरघाट की वेटलिफ्टिर लकीपंचेश्वर ने लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर पर वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में भाग लेकर विधालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष वर्तमान में लकी पंचेश्वर ने मणिपुर इंफाल में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हूये अपनी वेट केटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला व जिले को गोरवान्वित किया है।गत वर्ष इसी छात्रा ने बिहार पटना में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था, विधालय में अन्य प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर वालीबाल मैं अयाजुर्रहीम, नियाजुर्रहीम व अबुशहमा, क्रिकेट में आनुषी इनवाती, एथलेटिक्स में कांची सरेयाम ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला का नाम रोशन किया।

## कौमी एकता कमेटी की मांग हुई पूरी 26 बिगड़े हेड पंप नगर पालिका द्वारा सुधरे गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कौमी एकता कमेटी द्वारा जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया कि शहर के अधिकांश हेड पंप बंद पड़े हुए हैं बिगड़े पड़े हुए हैं इस भीषण गर्मी में अगर हेड पंप सुधर जाते हैं तो बहुत हद तक पानी की समस्या हल हो जाएगी और आम जनता को राहत मिल जाएगी जिला कलेक्टर महोदय द्वारा तत्काल नगर पालिका सीएमओ को कौमी एकता कमेटी का पत्र दिया और कहां तत्काल बिगड़े हेड पंप को सुधार जाने की कार्रवाई की जाए। दिनांक 26/ 4/ 2025 को नगर पालिका द्वारा 22 हेड पंपों सुधार कार्य किया गया जिसकी एक छाया प्रति कौमी एकता कमेटी को भी प्रदान की गई छाया प्रति मिलने पर कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने जिला कलेक्टर महोदय एवं नगर पालिका सीएमओ साहब एवं कर्मचारियों का धन्यवाद अदा किया। असलम बाबा ने कहा कि सभी जनहित कार्यों को तत्काल संज्ञान मे लेकर के समस्या का निराकरण होते रहना चाहिए जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# भाजपा अनुसूचित जाति संगोष्ठी का जिला भाजपा भाजपा कार्यालय में आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान को लेकर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता म. प्र. शासन की राज्य मंत्री स्वतंत्र प्र भार श्रीमती कृष्णा गौर,भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी परांजपे एवं पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा संगोष्ठी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अतिथियों ने सर्व प्रथम भारतमाता संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर जी,पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठी का विधिवत आरंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामना की गयी।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ कार्य किया है और आज देश में उसके बेहतर परिणाम देख रहे। अनुसूचित जाति वर्ग के लिये जो आरक्षण है वह अब कागजो में नहीं उनके चेहरे पर मुस्कार के रूप में दिखने लगी है। बाबा साहेब के आदर्शो और बाबा साहेब के सम्मान देश का गौरव बढ़ेगा। पूर्व की कांग्रेस सरकार इस बात की चिंता करती तो आज देश की तस्वीर कुछ और होती परंतु कांग्रेस ने केवल एक परिवार का गुणगान कर देश का बंटाढार करने का पाप किया है।

आयोजित संगोष्ठी की मुख्य वक्ता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का मूल उद्देश बाबा साहेब के विचारों को सामज के बीच व्यापाक रूप से पहुँचना है। बाबा साहब ने दलितों और वंचितों के सम्मान के लिए हमेशा काम किया है। डां. अंबेडकर देश की अमूल्य रत्न थे उनकी प्रतिभा और ज्ञान के आलोक भारत आज भी आलोकित हो रहा है परंतु कांग्रेस सरकार ने उस प्रतिभा का अपमान कर देश के साथ अन्याय किया। कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर घडियाली आसू बहाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब का अपमान किया है।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर बैठक संपन्न

# जिला प्रशासन ने की बाल विवाह की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एसडीएम सिवनी सुश्री मेघा शर्मा की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम के लिए सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष के कम उम्र के बालक का विवाह बाल विवाह कहलाता है, जो प्रतिबंधित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अभिजीत पचौरी ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए विकासखंडस्तर पर टीम का गठन किया गया है,जिसमें एसडीएम की अध्यक्षता में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय समेत समस्त परियोजना अधिकारी सम्मिलित है,जो बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही करेंगे,साथ ही ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर समस्त जनप्रतिनिधि और शासकीय कर्मचारी ये नजर रखेंगे कि उनके ग्राम/वार्ड में बाल विवाह नहीं हो।

अवगत कराया गया कि बाल विवाह करना एक दंडनीय अपराध है, जिसमें 02 वर्ष तक की सजा और 01 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह की सूचना ग्राम पंचायत, परियोजना कार्यालय, पुलिस थाने के साथ साथ डायल 100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 181 पर दी जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के गणमान्य नागरिकों से भी अपील की गई है कि अपने क्षेत्र में बाल विवाह नहीं होने दें। साथ ही समस्त सेवा प्रदाताओ जिनमें टेंट, कैटरिंग, घोड़ा गाड़ी वाले, बैंड वाले,लाइट वाले, प्रिंटिंग प्रेस आदि किसी भी तरह से विवाह कार्यक्रम में सेवा देने वाले व्यक्तियों से भी बाल विवाह में सहभागिता न करते हुए इसकी सूचना प्रशासन को देने की अपील की गई है।

# देश सेवा के लिये माता पिता के साथ साथ ग्रामीणों ने किया विदा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ईडियन आर्मी मे अपने पुत्र का चयन होने पर कृष्णा राहंगडाले तथा चाचा शिवकुमार राहंगडाले ने पुत्र के उज्जवल भविष्य के लिये तथा देश सेवा के लिये बडे उत्साह से अपने पुत्र संकेत राहंगडाले की बिदाई की गई। संकेत राहगडाले के इंडियन आर्मी मे चयन होने पर आशिर्वाद स्वरूप पिता कृष्णा राहगंडाले तथा चाचा शिवकुमार राहंगडाले ने अपने पुत्र की देश सेवा के लिये बिदाई के अवसर नजर भोज का भी आयोजन रखा तथा समस्त ग्रामीणो ने संकेत के बिदाई अवसर पर अपनी उपस्थिति देते हुऐ संकेत को आशिर्वाद भी प्रदान किया तथा बिदाई के पूर्व भारी तादाद ग्रामीण तथा महिलाओ ने पूरे नगर का



भ्रमण देश भक्ती की गूंज के साथ किया तथा संकेत राहंगडाले की बिदाई देश सेवा के लिये की यहा यह बताना भी लाजिमी है संकेत राहंगडाले के पिता तथा चाचा धारनाकला मे ही पान दुकान तथा छोटी सी चाय दुकान का संचालन करने के साथ से ही समाज सेवा से जुडे व्यक्ति है और अपने पुत्र के इंडियन आर्मी मे चयन होने पर अत्यधिक खुशी का इजहार करते हुऐ इन्होने अपने पुत्र की बिदाई अति उत्साह के साथ की है।

### सकल समाज ने दिया समर्थन, चौक-चौराहों पर मुस्तैद रही पुलिस

# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहा कटंगी





**कटंगी।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन घाटी में मंगलवार 22 अप्रैल को चरमपंथियों के कायराना हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं. इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के खिलाफ जल्द कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए घटना के विरोध में सकल समाज के आह्वान पर शनिवार 26 अप्रैल को समूचा बालाघाट जिला बंद बुलाया गया था. जिसका व्यापक असर दिखाई दिया. बालाघाट की कटंगी तहसील में भी सुबह 06 बजे से देर शाम तक पूरा शहर शांतिप्रिय ढंग से बंद दिखाई दिया. यहां पर सभी धर्म-संप्रदाय के लोगों ने बंद को अपना पूरजोर समर्थन देते हुए दुकान-प्रतिष्ठान बंद रखे. वहीं सुरक्षा की दृष्टि से नगर के चौक-चौराहों में पुलिस बल तैनात दिखाई दिया. अति आवश्यक सेवा अस्पताल, पेट्रोप पंप, दवा दुकान, स्कूल, कॉलेज को छोड़कर सभी तरह की दुकानें बंद रही. यात्री बसों और ट्रेनों का परिचालन जारी रहा लेकिन दुकानों के बंद होने से यात्रियों को काफी परेशान होते हुए देखा गया. 24 अप्रैल को बालाघाट में सर्व समाज की बैठक के बाद समूचा बालाघाट जिला बंद का ऐलान किया गया था. कटंगी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर बंद के लिए जनसमर्थन मांगा. वहीं एक दिन पूर्व यानी शुक्रवार की शाम मशाल रैली भी निकाली थी. इसके अलावा बंद का आह्वान करते हुए मुनादी भी करवाई गई थी.

### विहिप-बजरंग दल और श्री राम सेना ने फूंका पुतला

बंद के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में कटंगी शहर के बस स्टैंड में शाम 06 बजे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने आतंकवाद का पुतला फुंका. इस संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने सरकारी अस्पताल मैदान से आतंकवाद की शव यात्रा निकाली और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद का नारे लगाते हुए बस स्टैंड पहुंचकर यहां आतंकवाद का पुतला दहन किया. वहीं शाम साढ़े 06 बजे नगर के सिनेमा चौक में श्री राम सेना ने आतंकवाद का पुतला दहन किया. आतंकवाद को पुतले को जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई थी.

### केंद्र सरकार ने पाकिस्तान को सिखाया सबक- विधायक

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस विध्वंस घटना के बाद पाकिस्तान के साथ के 1960 के सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया है. इसके अलावा पाकिस्तान के साथ कोई भी व्यापारिक रिश्ता नहीं रखने का निर्णय भी लिया है. भारत में रहने वाले सभी पाकिस्तानियों को 48 घंटों के भीतर वापस जाने के लिए कहा है. उन्होंने कहा कि हम सभी के भाव को ध्यान में रखते हुए केंद्र की सरकार भविष्य में निश्चित तौर पर आतंकवाद को करारा जवाब देंगी. इस दौरान विहिप-बजरंग दल, श्रीराम सेना से जुड़े पदाधिकारी कार्यकर्ता और नगर की जनता मौजूद रही. विहिप के पदाधिकारियों ने कटंगी बंद में समर्थन देने पर समस्त सकल समाज का आभार जताया.

## खबर संक्षेप

### डीजे साउंड को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बालाघाट।** जिला सर्ववर्गीय कलार समाज संगठन बालाघाट के द्वारा जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन से देर रात तक बजने वाले डीजे साउंड सिस्टम पर रात्रि 10 बजे के बाद बजाए जाने पर उचित दंडात्मक कार्यवाही कर डीजे जप्त करने का निवेदन किया गया हैं। प्रायः देखा जाता है की शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में शासन के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए रात्रि 10 बजे के बाद भी डीजे देर रात तक या रात भर बजाए जाते हैं साथ ही जिला प्रशासन से मांग की गई है की इस संबंध में शिकायत करने हेतु अधिकृत नंबरों को समाचार पत्र या अन्य उचित माध्यम से प्रकाशित करें ताकि आम आदमी शिकायत कर सके।

इस दौरान प्रमुख उपस्थित शिवाजी बावीसताले जिला संगठन मंत्री, सोहन दवने जिला अध्यक्ष, तरुण सेवईबार, जिला सचिव सूरज दवाने कोषाध्यक्ष, डहरवाल कलार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र साकरे, सचिव डीपी बविसताले युवा संयोजक आशीष गढ़ पांडे तहसील उपाध्यक्ष भूपेंद्र डहरवाल आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत कर, संपत्ति कर, जलकर और अन्य उपभोक्ता प्रभार से जुड़े मुकदमा-पूर्व प्रकरणों में छूट

**बालाघाट** राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत कर, संपत्ति कर, जल कर सहित अन्य प्रभार से जुड़े प्रकरणों पर नियमानुसार छूट संबंधी निर्देश जारी किए गए है। ऐसे प्रकरण प्री-लिटिगेशन व लिटिगेशन स्तर पर प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण कर पक्षकारों को लाभान्वित किया जाना है। जिसके माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों को निराकृत कराते हुए दी गई छूट का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

ऐसे प्रकरणों को भी नेशनल लोक अदालत में रखा जाएगा

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक में मनी रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर, विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामलें रखे गये। इसके अलावा प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले तथा विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि सभी प्रकार के मामले लोक अदालत में निराकरण के लिए रखें जाएंगे।

# अर्जुननाला देवी तालाब में साफ-सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश



**कटंगी।** बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड नंबर 1 और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत देवी तालाब अर्जुननाला तालाब के किनारे की साफ-सफाई कर गाद कचरा निकलने के लिए लगभग 2 घंटे तक श्रमदान किया और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की. तत्पश्चात सभी उपस्थित ग्रामीण जनों को सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा शपथ दिलाई गई. संगोष्ठी में ग्रामीण लोगों से चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए. जिस प्रकार मध्यप्रदेश शासन द्वारा जगह जगह जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी प्रकार हमें भी अपने गांव में अपने घर में अपने परिवार में मोहल्ला में सभी समाज वर्गो के लोगों को जन जागरूकता कर जल है तो कल है और जल ही जीवन है इसके लिए जल संरक्षण करना सोख्ता गड्ढे बनना जल स्त्रोतों की साफ सफाई करना जल संरक्षण निर्माण करना बोरी बंधान करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए. उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. जिसमें आप सभी का सहयोग मिलता रहता है पहले के समय जल स्तर अच्छा था तो हमें पानी की समस्या नहीं थी परन्तु आज हमें पीने के पानी के लिए संघर्षरत रहना पड़ता है हम सभी लोग मिलकर पानी बचाना सीखे इसलिए हमने सांकेतिक सामुहिक श्रमदान के माध्यम से गांव के बीच स्थित तालाब कि साफ सफाई कि गई जो इस भीषण गर्मी में गांव के जलस्तर को बनाए रखने तथा पशु पक्षियों के पीने के पानी के लिए जो बहुत आवश्यक है. इस दौरान तुलेश हनवत, अरविंद दरवडे, राज़ ब्यौरा, अवलेश परधी, अन्जु डोंगरे, शालू राऊत, अनिल पटले, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणों लोगों की उपस्थित रहे.



# संत शिरोमणि सेन जी महाराज की मनाई जयंती

**कटंगी।** समाज कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, सेन समाज के आराध्य देव संत श्री शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती 25 अप्रैल को बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. कटंगी में 725 वीं जयंती के मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए. सुबह करीब 11 बजे कतरकना रोड़ स्थित सेन मंगल भवन में स्थापित संत श्री सेन महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना और आरती की गई. दोपहर 03 बजे सेन भवन से एक रैली निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग शामिल हुए. रैली में शामिल सेन समाज के लोग नगर भ्रमण करते हुए छतेरा स्थित संत सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थल पहुंचे जहां प्रतिमा की पूजा की गई. इसके बाद रैली ने यथास्थान पहुंचकर विराम लिया. शाम 05 बजे से अतिथि सत्कार और उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए. जयंती समारोह के सफल आयोजन में सेन समाज संगठन ब्लॉक अध्यक्ष एन.पी.शेण्डे, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर श्रीवास, उपाध्यक्ष उमाशंकर लांजेवार, राधेश्याम कड़वे, सचिव रमेश सेनभक्त, राजु कड़वे, कोषाध्यक्ष प्रशांत नागमोते, नगर अध्यक्ष सुनील मेश्राम, राजेन्द्र कड़वे, नितिन नागमोते, सुरेश उरकुड़े, शुभम सेनभक्त का विशेष योगदान रहा.

# बड़गांव केवीके में औषधीय खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



बालाघाट कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में आयुष विभाग की देवारण्य योजना के तहत शनिवार को एक जिला एक औषधी उत्पादन के रूप में लेमनग्रास के उत्पादन तकनीक पर राज्य औषधी पादप बोर्ड के निर्देशन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिन्द चौधरी ने देवारण्य योजना के उद्देश्य व अन्य जानकारी देते हुए बताया कि धान की परंपरागत खेती करते हुए जिले का पानी का स्त्रोत नीचे जा रहा हैं। किसानों के लिए इज अच्छा अवसर है कि वे कम पानी में औषधीय फसल का उत्पादन करें। फसल लेमनग्रास का चयन किसानों को करना चाहिए, इससे पानी का स्त्रोत बना रहें। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. एसआर धुवारे ने नई सोच एवं नये विचारों के साथ नई तकनीकी और नई फसल का चयन करके अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके लिये लेमनग्रास का चयन करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर सकता है। लेमनग्रास की एक बार पौध रोपण तैयार करके किसान 5 वर्षो तक फसल प्राप्त कर सकता हैं। लेमनग्रास की खेती के लिए दो तीन बार जुताई कर गोबर खाद का उपयोग करना होता है। ताकि लेमनग्रास की अच्छी बढ़वार हो। उपसंचालक कृषि श्री राजेश खोबरागढ़े द्वारा जानकारी दी गई कि धान की पारंपरिक खेती में पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती हैं और रबी के मौसम में जल की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अन्य गैर पारंपरिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई तथा लेमनग्रास की खेती को एक अच्छा विकल्प बताया। मास्टर ट्रेनर्स श्री कुलदीप गणवीर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लांजी द्वारा लेमनग्रास की बोनी से लेकर लेमनग्रास पौध की खेती, कटाई, संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन पर विस्तृत जानकारी दी।

मानागढ़ के प्रगतिशील किसान श्री पंकज राणा ने लेमनग्रास व खसग्रास के बारे में किसानों को जमीन की तैयारी, विभिन्न किस्मों तथा लेमनग्रास में जीवामृत, डिकम्पोजर एवं गोबर खाद का उपयोग करने पर जोर दिया और उन्होने किसानों को विश्वास दिलाया अगर किसान लेमनग्रास की खेती करते हैं तो वो किसानो से लेमनग्रास खरीदेगा एवं उचित मूल्य देने का सुझाव दिया। डॉ.अनुराधा पाटिल तथा डॉ. कल्पना राहंगडाले आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा फसल विविधिकरण कर लेमनग्रास की खेती तथा लेमनग्रास के औषधीय गुणों के बारे में किसानों जानकारी दी। श्री एस.आर. गेड़ाम वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी लांजी तथा डीडी रावतकर वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी किरनापुर द्वारा लेमनग्रास की मार्केटिंग तथा उन्नत किस्में के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच श्रीमति कृष्णा गुरबेले, आयुष विभाग से डॉ. विशाल कुरमेती, युवराज चंद्रवंशी, पंकज उइके, नरेश बिसेन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कु. अंजना गुप्ता, श्री धर्मेन्द्र आगाशे, श्रीमति अन्नपूर्णा शर्मा उपस्थित रहें।

### वारासिवनी-कटंगी क्षेत्रों में कलेक्टर श्री मीना ने किया भ्रमण

बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शनिवार को वारासिवनी और कटंगी क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वारासिवनी में स्वीकृत हुए 100 और कटंगी में 50 बिस्तरीय अस्पताल निर्माण के लिए की जा रही तैयारियों के सम्बंध में जानकारी ली। साथ ही निर्मित होने वाले अस्पतालों के स्थलों का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि 1 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वारासिवनी में 100 बिस्तरीय अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। भ्रमण के दौरान उन्होंने वारासिवनी सिविल अस्पताल, जवाहर नवोदय विद्यालय, बुदबुदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,कटंगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल, अर्जुनी में पंचायत द्वारा की गई बाँसरोपणी,नंदलेसरा में उपार्जन केंद्र सह भंडारण केंद्र और राजीव सागर सिंचाई परियोजना का जायजा लिया। वहीं कटंगी नगर के तालाब का अवलोकन करते हुए नपा को विशेष प्रयास कर जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य करने के निर्देश दिए है। इस दौरान वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे, कटंगी एसडीएम श्री मधुवंत राव धुर्वे, तहसीलदार श्री इमरान मंसूरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

### दुर्गा मंदिर के पास हुआ सड़क हादसा, चार घायल





**कटंगी।** कटंगी-बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर नगर के दुर्गा मंदिर के पास शनिवार की शाम करीब 5 बजे के आसपास भीषण सड़क हादसा हुआ है. दो बाइक में टक्कर होने से चार लोग घायल हुए हैं. जिनमें दो की हालत बेहद गंभीर बताई जाती है. प्राप्त जानकारी अनुसार एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी. जिस बाइक ने टक्कर मारी उसमें तीन लोग सवार थे. सड़क हादसे के बाद संजीवनी 108 एंबुलेंस से घायलों को नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया. जहां घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है. मिली जानकारी अनुसार सड़क हादसे में सलोनी नाने, रवि नाने, निखिल शेंडे तीनों निवासी मिरगपुर और रितेश रहांगडाले निवासी वार्ड क्रमांक 3 कटंगी घायल हुए हैं. रवि के सिर पर गहरी चोट आई है. निखिल को दाहिने हाथ, पैर में गहरी चोट आई है और दाहिने कान से खून निकल गया कमर में दर्द है. घायल युवती को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोट आई है. जबकि रितेश रहांगडाले को मामूली चोट लगी है. सड़क हादसे में घायल सलोनी ने बताया कि वह चिरचिरा में अपने मामा के यहां थी भाई अपने दोस्त के साथ गांव लेकर जाने के लिए आया हुआ था. दुर्गा मंदिर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए. अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार दोनों युवक शराब के नशे में थे. रितेश रहांगडाले विवाह समारोह के आमंत्रण पत्र बांटने के लिए अपने घर से निकले थे उन्हें टक्कर मारी गई.